तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 3 जुलाई 2025


14 शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का तिलक कर व एक पेड़ मां के नाम ...


13 तंबाकू मुक्त अभियान के तहत नशा मुक्ति पर ...



## खबर संक्षेप

### पूर्व सरपंच ने कीटनाशक पीकर की आत्महत्या



**बालोद।** ग्राम पंचायत ओरमा के पूर्व सरपंच तेजराम साहू ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को उन्होंने अपने परिवार के साथ बैठकर भोजन किया था। रात 10 बजे के करीब उन्हें गंभीर हालत मे जिला अस्पताल लाया गया। स्वास्थ्य ज्यादा खराब होने के बाद उन्हें रायपुर रेफर किया गया। रायपुर में दो दिनों तक आईसीयू में चले इलाज के बाद मंगलवार की शाम उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद ओरमा लाया गया। बालोद पुलिस के अनुसार, आत्महत्या के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। मर्ग डायरी आने के बाद आगे की जांच की जाएगी।

### भाजपा मंडल कार्यकारिणी घोषित, निर्मल व पूर्णेन्द्र को मिली अहम जिम्मेदारी

**जामगांव आर।** भाजपा जामगांव आर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री पवन साय, जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल, सांसद विजय बघेल एवं दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक की सहमति से जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने मंडल कार्यकारिणी की घोषणा किया। जिसमें ग्राम रानीतराई के पूर्व सरपंच निर्मल जैन व वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्णेन्द्र सिन्हा को महामंत्री का दायित्व देने के साथ उपाध्यक्ष, मंत्री सहित कार्यकारणी सदस्यों की नियुक्ति किया गया है, जिसके लिए मंडल पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सांसद निवास सेक्टर 5, पूर्व मंत्री रमशिला साहू व पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू निवास 32/16 बंगला व दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक के निवास पहुंच आभार व्यक्त किया है। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, धनराज साहू, नरेश केला, मण्डल अध्यक्ष कमलेश साहू, महामंत्री निर्मल जैन, उपाध्यक्ष गुमान साहू, कोषाध्यक्ष अरुण चंद्राकर, मंत्री गायत्री यादव, पूर्व जनपद सदस्य झरना साहू, पूर्व जनपद सदस्य अशोक शर्मा, सोसायटी अध्यक्ष बेनी राम साहू, यशवंत यादव, हर्ष साहू, सहित जामगांव आर भाजपा मण्डल के पदाधिकारी नेताओं से मिल आभार प्रगट कर पार्टी के मार्गदर्शन अनुरूप जिम्मेदारी निर्वहन करने के लिए आश्वस्त किए।

### गांजा बेचने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बीएसपी गेट मौहारी मरोदा नर्सरी नेवई में कामेश राव, यशोदा सिंह को अवैध रूप से गांजा बेचते पकड़ा गया।

# धरती आबा अभियान के तहत बोहारडीह व चिखली में शिविर, ग्रामीणों को मिला योजनाओं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बोहारडीह एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम चिखली में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित हुए।

शिविर आयोजन की सराहना करते हुए ग्रामीण एवं हितग्राहियों ने कहा कि उनके गांव में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर के माध्यम से उन्हें शासकीय योजनाओं के लाभ मिलने से जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय में पहुंचकर शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नही पड़ेगी। ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने कहा कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आयोजित की जा रही लाभ संतृप्ति शिविर उनके जैसे अनेक गरीब एवं जरूरतमंद आदिवासी परिवार के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं कारगर साबित हो रहा है। ग्राम बोहारडीह में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में यतीश, राजू, पूनम, नीरज एवं दिव्या का आयुष्मान कार्ड तथा हसीना नेताम का जन धन खाता खुलने से उनके बहुत बड़ी समस्या का निराकरण हुआ है। इन सभी हितग्राहियों ने लाभ संतृप्ति शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि वे बहुत दिनों से अपना आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड बनाने हेतु पास के ग्राम के ग्राहक सेवा केन्द्र की जाने की योजना बना रहे थे। लेकिन कार्यों की ▶▶| शेष पेज 12 पर

धरती आबा अभियान की ग्रामीणों ने की सराहना





## मौसम : स्कूल परिसर में पानी भर जाने से बच्चे और शिक्षकों को हो रही परेशानी

# आषाढ़ माह के अंतिम दिन झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में आषाढ़ माह के अंतिम दिनों में मानसूनी बारिश ने शहर सहित ग्रामीण इलाकों को तरबतर कर दिया। शनिवार रविवार की दरम्यानी सुबह से चल रही बारिश पूरे दिन रूक–रूक कर होती रही, जो सोमवार को भी जारी रहा। वही सोमवार की सुबह तेज बारिश ने लोगों को तरबतर कर दिया।

बारिश के कारण जिले के उमरादाह स्कूल के परिसर में पानी भर गया। जिससे स्कूली बच्चों और शिक्षकों को स्कूल में आने जाने में परेशानी हुई। लेकिन इस बारिश से किसानों और लोगों ने राहत की सांस ली है। जिले की खेती–किसानी में तेजी आएगी और दूसरी तरफ लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत भी मिली है। मौसम विभाग के दर्ज आंकड़ों के अनुसार जिले में 1 जून से 30 जून तक 127.5 मिमी औसत वर्षा हुई है जो औसत वर्षा से काफी कम है। जिले के छोटे–बड़े जलाशयों को भी मानसून का इंतजार है। क्योंकि, जिले के सभी बांध पहले ही सूख चुके हैं, सभी बांधों में कम पानी है। नदी–नाले भी सूखे पड़े हैं। मानसून सक्रिय होने के बाद ही जलाशयों का जलस्तर बढ़ेगा। भू–अभिलेख शाखा के अनुसार जून माह के अंतिम दिन जिलेभर में 51.4 मिमी औसत बारिश हुई। इस दौरान डौंडी तहसील में सिर्फ 12.7 मिमी और डौंडीलोहारा में 17.7 मिमी पानी गिरा। जबकि अर्जुन्दा में सबसे अधिक 107.9 मिमी और गुरूर में 70.5 मिमी बारिश हुई। गुंडरदेही 68.9 मिमी, बालोंद में 45.8 मिमी, मात्र बंगला देवरी तहसील में 36.1मिमी बारिश हुई। वही जिले में जुलाई माह के पहले दिन भी बुंदाबांदी हुआ। बालोद तहसील में सबसे अधिक 24.5 मिमी बारिश हुई तो वही सबसे कम अर्जुन्दा तहसील में 3.1 मिमी बारिश हुई।

> ■ जिले में 1 जून से 30 जून तक 127 .5 मिमी औसत वर्षा हुई

### बंगला देवरी में ज्यादा बारिश

बालोद और मात्र बंगला देवरी में ज्यादा बारिश का अनुमान है। विभाग ने जिले में इस वर्ष 1206.2 मिमी औसत वर्षा होने की संभावना जताई है। जहां सबसे अधिक बालोद विकासखंड में 1390.4 मिमी. और मारएँ बंगला देवरी में 1236.7 मिमी बारिश होने की संभावना विभाग ने जताई है। डौंडीलोहारा में 1230.2 मिमी. गुरूर में 1163 मिमी. अर्जुन्दा में 1153.7 मिमी. डौंडी में 1135.1मिमी. गुण्डरदेही 1134.5 मिमी. औसत बारिश हो सकती है। मानसून के आगमन के बाद ही राहत मिलेगी। अनुमान देखा जाए तो डौंडी विकासखंड में सबसे कम बारिश होती है। वर्तमान में बारिश का सिस्टम बन रहा है। वही जिले में मानसून सक्रिय होने के बाद ही तेज बारिश की संभावना है।

# नक्सली हिंसा में शहीद पुलिस जवानों के परिजनों को सभी विभागों में मिलेगी अनुकम्पा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा



राज्य शासन द्वारा नक्सली हिंसा में शहीद हुए पुलिस सेवकों के परिजनों के हित में एक महत्वपूर्ण और मानवीय निर्णय लिया गया है। विगत दिनों मंत्रिपरिषद ने एकजाई पुनरीक्षित अनुकम्पा नियुक्ति निर्देश–2013' की कंडिका 13(3) में संशोधन को मंजूरी दी है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि शहीद हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं।

उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर प्रदेश और देश की रक्षा की है। उनके परिजनों को केवल विकल्पहीन नियुक्ति देना न्यायसंगत नहीं था। लंबे समय से शहीद परिवारों की इस मांग को हमने सरकार के समक्ष पूरी गंभीरता से रखा। मुझे प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद ने इस निर्णय को पारित किया है। अब शहीदों के परिजनों को विभाग चुनने का अधिकार मिलेगा, जिससे उनकी सुविधा और सम्मान दोनों सुनिश्चित होंगे। उन्होंने बताया कि इस संशोधन के अनुसार, अब नक्सली हिंसा में शहीद हुए पुलिस सेवकों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति केवल पुलिस विभाग तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वे राज्य शासन के किसी भी विभाग में, किसी भी जिला अथवा संभाग में अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कर सकेंगे। पूर्व में यह प्रावधान था कि अनुकम्पा नियुक्ति उसी विभाग में दी जाए, जिसमें दिवंगत शासकीय सेवक सेवारत था। परंतु शहीदों के परिजनों की लगातार मांग को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस नीति में संशोधन कर यह विकल्प प्रदान किया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर इस निर्णय को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री शर्मा को लगातार शहीद परिवारों और उनके संगठनों से यह मांग प्राप्त हो रही थी कि उन्हें अनिवार्य रूप से पुलिस विभाग में नियुक्ति न देकर, अन्य विभागों में भी विकल्प मिलना चाहिए। उप मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और सक्रियता से यह विषय मंत्रिपरिषद में लाया गया और सर्वसम्मति से निर्णय पारित हुआ। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा राज्य के शहीद परिवार ने पुलिस विभाग में अनुकम्पा ▶▶| शेष पेज 12 पर

# खाद के लिए उमड़े किसान, मांग पूरी न होने पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा



ग्राम पिनकापार में खाद की कमी से भगदड़ मच गई। जिससे किसानो परेशान होना पड़ा जिससे किसानो में काफी नाराजगी देखने को मिली। सेवा सहकारी समिति पिनकापार के 1 जूलाई को खाद पहुंचा दूसरे दिन को खाद वितरण करना शुरू कर दिया, सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत 6 गांव आते हैं।

किसान को सोसायटी में खाद आ जाने की जानकारी होते ही किसान अपने वाहन से कृषक खाद लेने पहुंचे, किसानों में आक्रोश देखा गया क्योंकि खाद की कमी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुआ है, यूरिया 300, डीपी 600 बोरी आया, गांव के किसानों के लिए यह पर्याप्त नही थे। किसान अधिक संख्या में उपस्थित हुए और मांग करते रहे खाद दो खाद दो डीएपी की समस्या शुरू से बना हुआ है, दो दिन से लगातार रिमझिम वर्षा हो रहा जिसे किसान अपने वाहन लेकर पहुंचे और वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हुआ। प्रभारी समिति प्रबंधक सिन्हा ने बताया खाद की मांग लगातार की जा रही है, जो खाद हमें प्राप्त हुआ है, उसका वितरण किसानों को की जा रही है क्योंकि बारिश होने से सभी किसान एक साथ सोसाइटी में पहुंचे, जिससे अव्यवस्था हुई पर खाद दोपहर तक वितरण कर दिया गया। प्रभारी समिति प्रबंधक रिंकेश सिन्हा ने कहा डीपी और यूरिया की खाद की कमी है जो खाद आया गया था उनको सभी किसानों वितरण किया गया है उच्च अधिकारी को खाद की कमी मांग रखी गई है।

# कुत्तों के हमले से हिरण की मौत वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



मंगलवार सुबह जंगल से भटककर घोटिया गांव की ओर आए करीब 2 साल के नर हिरण को कुत्तों के झुंड ने दौड़ाना शुरू कर दिया। जान बचाने की कोशिश में हिरण गांव की गलियों में इधर–उधर भागता रहा। लेकिन कुत्तों के झुंड ने घेर लिया था। वन विभाग ने उसका शव परीक्षण कर अग्नि संस्कार किया।

ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार सुबह कुत्ते हिरण को दौड़ा रहे थे, घायल हिरण गांव के अंदर आ गया। हिरण ने कुत्तो से स्वयं को लगातार बचाने का प्रयास किया। लेकिन कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया। इस संघर्ष में हिरण बुरी तरह घायल हो गया और आखिरकार उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने हिरण का पोस्टमॉर्टम किया। परीक्षण के बाद वन विभाग ने विधिवत रूप से हिरण का अंतिम संस्कार कराया।

वही 28 जून को भी जिले के तांदुला जलाशय में एक हिरण का शव पानी में तैरता मिला था। वन विभाग के अनुसार हिरण पर लकड़बग्घे ने हमला किया था। जिससे हिरण भयवश रात के अंधेरे में पानी में कूद गया और डूबकर उसकी मौत हो गई। विभाग ने दोनों हिरणों का विधिवत पोस्टमॉर्टम कर अंतिम संस्कार किया।

## वर्तमान में लगभग 50 हजार गौवंश, 10 हजार बकरी, 2000 सुवर एवं 22 पोल्ट्री फार्म संचालित

# एक डॉक्टर के भरोसे 50 हजार मवेशी गुरूर में पशु चिकित्सा तंत्र चरमराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





चार पशु औशधालयो के क्षेत्र को अकेले संभालने वाले सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी विवेक देवांगन का स्थानांतरण हो गया है। चारो औशधालयो में अब एक भी चिकित्सक नही बचे। वही अरमरीकला औशधालय तो कर्मचारी विहिन हो गया। यहां चपरासी भी नही है। इससे पशु पालको मे आक्रोश फैल गया है। विकासखण्ड के अरमरीकला औशधालय मे पदस्थ एव्हीएफओ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी विवेक देवांगन को उनके श्रेष्ठ कार्य एवं कृत्रिम गर्भाधान के क्षेत्र मे उत्कृष्ठ कार्य करने पर जिला मे सम्मानित किया गया था। उनके श्रेष्ठ कार्य की सजा सरकार ने उनके स्थानांतरण करके प्रदान कर दी है। विकासखण्ड का पशु चिकित्सा विभाग पहले से ही बीमार है, विकासखण्ड पहले से ही चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की कमी से जूझ रहा है। विकासखण्ड मे गुरूर मुख्यालय मे पशु चिकित्सालय एवं 8 पशु औशधालय ग्राम अरमरीकला, बोहारा, कंवर, पलारी, भानपुरी, बड़भूम एवं अरमरीकला मे स्थित है। पशु चिकित्सालय में एक डॉक्टर एवं दो एव्हीएफओ पदस्थ है। उनमे एक एव्हीएफओ को डॉयरेक्टरेट रायपुर मे अटैच कर दिया गया है। विकासखण्ड मे एक पशु चिकित्सक की पद स्थापना है जो बीते एक साल से खाली है। जिसे एक अकेले डॉक्टर के भरोसो लाखो पशुओ की चिकित्सा निर्भर है। विकासखण्ड के 8 पशु औशधालओं की स्थिति बेहद चिन्ताजनक है। इनमे अरकार, बोहारा, कंवर, पलारी व बड़भूम मे एव्हीएफओ का पद वर्षों से रिक्त है। उनमे एक–एक परिचारक ही कार्यरत है, भानपुरी पशु औशधालय मे तो एक भी कर्मचारी नही है। यहां के पशु पालक तहसील मुख्यालय पर आश्रित है। धनेली एवं अरमरीकला मे एक–एक एव्हीएफओ पदस्थ थे। उनमे अरमरीकला का एव्हीएफओ विवेक देवांगन अरमकरीकला के साथ बोहारा, कंवर, पलारी पशु औशधालय मे भी अपनी सेवाए दे रहा था लेकिन उस पर भी सरकार की कुदृष्टि पड़ गई एवं उसका स्थानांतरण कर दिया गया। बता दे कि विकासखण्ड के इन चारो पशु औशाधालय क्षेत्र पशुधन के क्षेत्र मे समृद्व एवं विकसित है। लेकिन चिकित्सक के अभाव मे अब उस पर ग्रहण लगने वाला है।

धनेली औशधालय मे एक एव्हीएफओ है यहां परिचारक नही है। ऐसे मे बड़ा सवाल है कि विकासखण्ड के पशुधन को सरकार आखिर किसके भरोसे छोड़ना चाहती है।

विकासखण्ड पहले से ही कम होते पशुधन की समस्या से भी जूझ रहा है उस पर बेहतर चिकित्सा सुविधा नही मिलेगी तो पशु पालक कैसे पशुधन का पालन व संरक्षण करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड मे वर्तमान मे लगभग 50 हजार गौ वंश, 10 हजार बकरी, 2000 सुवर एवं 22 पोल्ट्री फार्म संचालित है। जिनमे लगभग 1 लाख मुर्गी पाली जा रही है। इनकी चिकित्सा आखिर अकेले एक डॉक्टर पूरे तहसील को कैसे संभालेगा क्योकि सरकार की योजना अनुसार गौ वंश को सालभर मे चार बार, मुर्गीयो, बकरी, सुवरो का भी नियमित टीकाकरण करना होता है। बिना कर्मचारी आखिर कैसे पशुधन की रक्षा हो पाएगी। यहां यह भी बताया जाना प्रासंगिक होगा कि तहसील पूरे जिले मे दुग्ध उत्पादन मे सर्वोच्च स्थान रखता है। यहां 14 दुग्ध सोसायटी सक्रिय है एवं लगभग 10 हजार लीटर दुग्ध का उत्पादन होता है बिना चिकित्सा टीम के तहसील का पशुधन क्षेत्र प्रभावित होगा इससे पशु पालको को हानि होगी।

# ग्रामीणों ने की प्रधान पाठक को हटाने की मांग, कलेक्टर को सौपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम रेवतीनवागांव ग्राम ग्रामीणो ने प्राथमिक शाला रेवतीनवागांव के शिक्षक दिनेश सिन्हा प्रधान पाठक को हटाने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन मे कहा गया है कि रेवती नवागांव प्राथमिक शाला के शिक्षक दिनेश सिन्हा जब से स्कूल मे पदस्थ हुए है तब से अपने सहपाठी शिक्षको के साथ आये दिन वाद विवाद की स्थिति पैदा करते रहते है। स्कूल प्रबंधन समिति व ग्रामवासियो के साथ भी अपना व्यवहार ठीक नही रखते। स्कूल मे अध्ययनरत बच्चें इस शिक्षक से परेशान है जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। इस बारे मे सुशासन तिहार मे आवेदन दिया गया।

लेकिन किसी भी प्रकार का कोई सुनवाई नही हुआ। इसलिए आवेदन पर कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रधान पाठक दिनेश सिन्हा को रेवती नवागांव स्कूल से हस्तांतरित कर उनके स्थान पर नया शिक्षक पदस्थ किया जाए।

# सड़क हादसा रोकने ट्रैफिक पुलिस रात में भी सक्रिय, 6 माह में 1.79 करोड़ का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ड्यूटी कर रहे है। हरिभूमि ने अलग-अलग जगह पहुंचकर लाइव रिपोर्टिंग किया है। जिसमें ट्रैफिक पुलिस के जवान वाहन चालको को नियमों का पालन कराने दर्जन भर से अधिक जवान जुटे हुए है।ट्रैफिक पुलिस सुपेला, नेहरु नगर, पावर हाउस समेत अन्य चौक चौराहों पर जवान ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान दो पहिया वाहन चालक हेलमेट को अनिवार्य रुप से पहनने के बारे में बताया जा रहा है। सड़क हादसों में मौत का कारण सिर पर चोट लगने से भी होती है। मगर हेलमेट उपयोग करने वालों का सिर सुरक्षित रहता है। उन्हें किसी भी प्रकार की गंभीर चोट नहीं लगती है।कार चालको को भी रात को चौक चौराहो पर रोक कर चालानी भी काटी जा रही है।चालको को कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने की भी सलाह दी जा रही है। सडक हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक नियों का पालन करने की हिदायत भी जा रही है। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में 17,145 अधिक वाहन चालको पर चालानी कार्रवाई की गई।

## जगह-जगह बनाया गया पॉइंट, सुपेला, पावर हाउस, नेहरु नगर में तैनाती

### नशेड़ी वाहन चालकों पर लगाम भी

ट्रैफिक पुलिस जवान रात में भी नशेड़ी किस्म के वाहन चालको पर भी लगाम कसने का प्रयास किया जा रहा है। प्रतिदिन ट्रैफिक पुलिस शाम 6 से रात 11 बजे तक चौक चौराहों पर पाइंट लगाकर नशेड़ी चालको को ब्रीथएनेलाईजर मशीन से चेक किया जा रहा है। वाहन चलाने चालको के वाहन भी जब्त किए जा रहें है। वाहनों को सीधे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। प्रत्येक वाहन चालक पर 10-15 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित भी किया जा रहा है। 6 माह में ट्रैफिक पुलिस ने मोटर व्हील एक्ट के तहत 1 करोड़ 79 लाख 11 हजार वसूला गया।


सुपेला 7.15


गुरुद्वारा चौक 7.30


पावर हाउस शाम 7 बजे

### 38 हजार 402 चालकों पर की गई कार्रवाई

| | |
|---|---|
| बिना हेलमेट | 6385 |
| सीट बेल्ट | 2791 |
| नो पार्किंग | 6349 |
| माल वाहन | 345 |
| तेज रफ्तार | 976 |
| तीन सवारी | 764 |
| नशेड़ी चालक | 563 |

### हादसों को रोकने चल रहा है अभियान



“ सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया है। 6 माह में 38 हजार से अधिक चालको पर कार्रवाई की गई है। जो नियमों का पालन नहीं करते है उन पर शिकंजा कसा जा रहा है। रात में भी ट्रैफिक जवान ड्यूटी पर तैनात रहते है।

**ऋचा मिश्रा,** एएसपी ट्रैफिक

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत होने पर दी विदाई

**भिलाई।** नगर सेवा विभाग के कर्मी श्रीकांत को संयंत्र से सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई श्रीकांत ने संयंत्र में अपने दीर्घ सेवाकाल व सहकर्मियों के साथ मिले सहयोग के लिए सबका आभार व्यक्त किया । अनुभाग ने उपहार व पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया । इस अवसर पर कृष्णानन्द राय, आनंद साहू, पीएल साहू, घासीराम,किशुन साहू डां. पीआर वर्मा उपस्थित थे।

### शासकीय महाविद्यालय निकुम में प्रवेश शुरू

**अंडा।** पुकेश्वर भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारंभ शुरू हो गया है। यहां 20 गांव से विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते हैं। महाविद्यालय में समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय के अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू द्वारा प्रवेश के लिए उचित पहल की जा रही है , जिससे आने वाले समय में महाविद्यालय को विशेष पहचान मिलेगी। साहू ने कहा सभी का निरंतर सहयोग मिल रहा है, महाविद्यालय संबंधित आसपास गांव में मुनादी के लिए पंचायत को सूचना दी गई है, विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा व सुविधा के लिए टीम काम कर रही है।

### खानापूर्ति करने के बाद निगम ने साधी चुप्पी, ट्रैफिक पुलिस भी नहीं सक्रिय

# नर्सिंग होम से लेकर साक्षरता चौक सर्विस रोड पर वाहनों का कब्जा, मार्ग से गुजरना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सिन्हा नर्सिंग होम से लेकर साक्षरता चौक सर्विस रोड पर कब्जे ही कब्जे हैं। इस पूरी रोड को देखने से ऐसा लगता है कि कार वाहन पार्किंग स्टैंड बना हो। दुकानदार अपनी दुकानें ही इस सर्विस रोड पर संचालित कर रहे हैं। सड़क की 10 फीट एरिया दुकानों के सामान निकालने की वजह से घिरा हुआ है। रोड के किनारे की खाली जगह में कार पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। कार डेंटिंग-पेंटिंग, बैटरी एजेंसी से लेकर मैकेनिकल वर्क का काम-काज इस रोड किनारे की रिक्त जगह पर कब्जे कर चला रहे हैं। निगम ने शिकायत के बाद एक-दो बार खानापूर्ति के लिए जुर्माने की कार्रवाई जरूर की लेकिन उसके बाद चुप्पी साध ली। लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है। जबकि इसी रास्ते से ज्यादातर लोगों का आवागमन होता है।

## घड़ी चौक से पावर हाऊस तक सर्विस लेन पर अतिक्रमण




### कई बार शिकायतें की

“ वार्ड पार्षद होने के नाते एप्रोच रोड को कब्जामुक्त करने के लिए निगम प्रशासन से कई बार शिकायत की है। एक-दो बार कार्रवाई के नाम पर जुर्माना भी लगाया गया है। रोड को व्यवस्थित करवाने के लिए निगम को मैंने प्रस्ताव भी दिया है। जिससे लोगों की समस्या का समाधान हो सके।

**भोजराज सिन्हा,** वार्ड पार्षद

## ये चार जगह जहां आवागमन हुआ मुश्किल

**केस 1**

### पूरी रोड पर सालों से कब्जा

सार्वजनिक शौचालय सुपेला के ठीक पीछे दो एप्रोच रोड है। ये दोनों रोड सालों से कब्जे की वजह से ब्लॉक है। दोनों रोड पर एक फर्नीचर कारोबारी ने कब्जा कर लिया है। इस दोनों सड़क पर खुलेआम तखत और दीवान को बिछाकर इसे बनाते हैं। पूरे दिन ये काम चलता है। रात को इसी रोड पर तखत व दीवान का स्टॉक कर लिया जाता है। इसलिए ये रोड सालों से बंद हैं। भूले से लोग यदि वहां चले जाएं तो उनके कर्मी खरी-खोटी सुनाते हैं कि दोबारा आने-जाने का कोई हिम्मत ही नहीं कर सकता।

**केस 2**

### बैटरी बदलने पार्किंग

इस सर्विस रोड पर बैटरी, मेडिकल स्टोर्स और डेंटिंग- पेटिंग व वाहन मैकेनिकल वर्क चलता है। बैटरी व मेडिकल स्टोर्स के ठीक सामने खाली जगह है। यहां पर कारों की अघोषित वाहन स्टैंड जैसा नजारा देखने मिलता है। इसी के पास डेटिंग-पेंटिंग व मैकेनिकल वर्क का काम चलता है। इस पूरे एरिया में कार व बड़ी वाहन पूरे दिन खड़ी रखी जाती है। जिसकी वजह से लोगों का आवागमन यहां से नहीं हो पा रहा।

**केस 3**

### साक्षरता से टाकीज चौक एप्रोच रोड

साक्षरता चौक एप्रोच रोड से लेकर चंद्रा मौर्या टाकीज चौक तक का एप्रोच रोड में दुकानें सड़क पर आ गई है। दुकानदारों ने अपना सामान बाहर ही रख लिया है। इसी रोड पर एक चौपाटी भी संचालित हो रही है। ठेले-खोमचे भी पूरे दिन दिखेंगे। सेकंड हेंड कार बिक्री केंद्र भी इसी रोड किनारे चल रहे हैं लेकिन उनके वाहन इस रोड को घेर कर रखा जा रहा है। इससे आगे आएंगे तो एक डॉयग्नोस्टिक और ऑटोमोबाइल सेंटर चल रहे हैं।

## इसलिए हो रही दिक्कतें लोगों को

**पहला**

सुपेला से पावरहाउस जाने के लिए इस एप्रोच रोड का इस्तेमाल किया जाता है। वार्ड क्रमांक 44 के लोग भी इसी रास्ते से अपने घरों के लिए जाते हैं। श्रीराम चौक, सिविल अस्पताल सुपेला के पीछे का पूरा एरिया वार्ड 44 व 45 का है। एक बड़ी आबादी के आवागमन का यह एप्रोच रोड है। इसके अलावा भीतर बड़ा मार्केट एरिया है। जहां खरीदारी के लिए लोग इस एप्रोच रोड का उपयोग करते हैं।

**दूसरा**

मरीजों की आवाजाही में मुश्किलें लाल बहादुर शासकीय सिविल अस्पताल सुपेला भी इसी एप्रोच रोड किनारे स्थित है। इस अस्पताल में हर दिन 600 मरीज इलाज करवाने के लिए आते हैं। इस एप्रोच रोड से ही मरीजों का आवागमन होता है। इसलिए यह रोड सबसे व्यस्ततम मार्ग में से है। कई बार तो ऐसा भी होता है कि मरीजों को लाने वाहन को इस रोड से ले जाने में लंबा समय लग जाता है। तब तक मरीज की जान सांसत में अटकी रहती है।

## 18 से अधिक खसरा में निगम देगा भवन अनुज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम क्षेत्र के अवधपुरी, सरस्वती कुंज समेत व्हीआईपी नगर में मकान बनाने का सपना अब पूरा होगा। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली महापौर परिषद की बैठक में विकास शुल्क का अनुमोदन कर दिया। विकास शुल्क जमा कर नागरिक विधिवत मकान निर्माण करने भवन अनुज्ञा ले सकते हे।

■ रिसाली एमआईसी ने लगाई मुहर

दरअसल अवधपुरी और सरस्वती कुंज अवैध कालोनी श्रेणी में आता है। बसाहट के लिए बिना अनुमति जमीन की खरीदी बिक्री होने की वजह से मकान बनाने मे समस्या आ रही थी। नागरिकों को होने वाली असुविधा को देखते हुए निगम प्रशासन ने नियमों के तहत कुल 18 खसरों में विकास और समझौता शुल्क लेकर भवन अनुज्ञा और भवन पूर्णता देने का निर्णय लिया है। महापौर परिषद ने निर्धारित विकास शुल्क पर मुहर भी लगा दी है। परिषद की बैठक में एमआईसी जहीर अब्बास, संजू नेताम, अनिल देशमुख, सनीर साहू, ममता यादव, रंजिता बेनुआ, जमुना ठाकुर, रोहित धनकर, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

### जाने कहा कितना विकास शुल्क

व्हीपी नगर रिसाली के खसरा 493पी, 496/1, 497पी, 498, 502पी, 603पी, 1038पी, 1039 पी पर 211.76 रू. प्रति वर्गफीट विकास शुल्क। इसी तरह सरस्वती कुंज पूर्व के 754 पर 216.09 रूपए, 645/1पी पर 224.36 रूपए, 222 पी पर 221.44 रूपए, सरस्वती कुंज पश्चिम के खसरा 274/2 पर 203.70 रूपए, सरस्वती कुंज पूर्व 684, 685 पर 217.65 रूपए, 257/81 पर 225.48 रूपए, 650, 656 पी पर 217.07 रूपए, 861 पर 200.70 रूपए, अवधपुरी रिसाली के खसरा 634, 635, 636, 676 पर 215.58 रूपए, सरस्वती कुंज रिसाली के खसरा 757, 797, 798 पर 206 रूपए और अवधपुरी रिसाली के खसरा 620, 621 पर 236.78 रूपए प्रति वर्गफीट विकास शुल्क निर्धारित है।

## एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता शुरु, 9 टीमों में होगी शह व मात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड–एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह भिलाई निवास के एमपी हाल में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, सेफी, ओए व बीएसपी शतरंज क्लब के अध्यक्ष एनके बंछोर, पूर्व ओलंपियन एवं उप महाप्रबंधक (एससीसीए) राजेन्द्र प्रसाद व मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार के अलावा उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक, भिलाई शतरंज क्लब के सचिव अलंकार भिवगड़े एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में इस्पात संयंत्रें से 9 टीमों ने भाग लिया है, जिनमें भिलाई इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर स्टील प्लांट, टाटा स्टील, इस्पात इस्को बर्नपुर, सेलम स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट,



जेएसयू स्टील लिमिटेड, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड एवं विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट की टीमें शामिल हैं। यह प्रतियोगिता शतरंज फैडरेशन आफ इंडिया द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार खेली जाएगी। मुख्य अतिथि ने कहा कि शतरंज जैसी बौद्धिक खेल प्रतियोगिताएं न केवल मानसिक सतर्कता को विकसित करती हैं, बल्कि संयंत्रें के बीच सौहार्द व खेल भावना को भी सुदृढ़ करती हैं। प्रतियोगिता का संचालन एससीसीए विभाग के सुप्रियो सेन ने किया। प्रतियोगिता का समापन समारोह 3 जुलाई को भिलाई निवास में होगा।

## टाउनशिप व सुपेला चौक से हटाए तीन दर्जन कब्जे, प्रवर्तन टीम की कार्रवाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा मंगलवार को राहगीरों की सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अवैध दुकानदारों, कब्जों और ठेले वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। टाउनशिप के व्यस्ततम क्षेत्रों व सुपेला चौक आदि से कब्ज हटाए गए। बेदखली कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी उपस्थित था। इंफोर्समेंट विभाग द्वारा आज पुलिस के सहयोग से कई कब्जों को बेदखल किया गया। सिक्स ट्री एवेन्यू, मौर्या चंद्र अंडरब्रिज, सुपेला चौक, सुपेला अंडरब्रिज, सेक्टर-6 अंडर ब्रिज, सेक्टर-7 बीएसएफ के सामने सेक्टर-6 ई मार्केट, सेक्टर- 8 स्टील क्लब चौक से अवैध ठेले, दुकानों व कब्जों को हटाए गया। करीब तीन दर्जन कब्जों को हटाया गया। टीम द्वारा कब्जाधारियों के सामान भी जब्त किए गए व नाम पता नोट कर दोबार कब्जा न करने की चेतावनी दी गई। बेदखली कार्रवाई के दौरान भट्टी थाना टीआई राजेश साहू व भिलाई नगर थाना टीआई प्रशांत मिश्रा सहित पुलिस जवान व प्रवर्तन विभागी की टीम शामिल थी।



## पेज 11 के शेष

### धरती आबा अभियान के तहत ...

व्यस्तता की वजह से ग्राहक सेवा केन्द्र में जाकर अपना आयुष्मान कार्ड नही बना पाए थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की विशेष पहल पर आज उनके गांव में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में पहुंचकर उन्होंने अपना आयुष्मान कार्ड बनाने के अलावा जनधन खाता भी खुलवाया है। जिससे उनका एक बड़ी समस्या का निराकरण हुआ है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम बोहारडीह में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 10 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड तथा 01 हितग्राही का जन धन खाता खोलने की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही शिविर में उपस्थित आदिवासी वर्ग के 02 हितग्राहियों का सिकलिन जांच के अलावा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों एवं हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम चिखली में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 04 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, 05 हितग्राहियों को सामाजिक पेंशन योजना, 22 हितग्राहियों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना, 45 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 02 हितग्राहियों को पीएम जनधन योजना से लाभान्वित किया गया। इसी तरह शिविर में 12 हितग्राहियों का राशन कार्ड, 02 हितग्राहियों का किसान क्रेडिट कार्ड, बनाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा शिविर में पहुचें 14 लोगों का सिकलिन टेस्ट करने के अलावा शविर में उपस्थित ग्रामीणों एवं हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम चिखली में आयोजित शिविर में जनपद सदस्य कुलदीप साहू सहित ग्राम पंचायत चिखली, साल्हे, नर्राटोला, धोतिमटोला के सरपंचों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण, हितग्राही एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजन हेतु जारी की गई तिथि के अनुसार गुरूवार 03 जुलाई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम खैरडीगी में शिविर का आयोजन किया गया।

### नक्सली हिंसा में शहीद पुलिस ...

नियुक्ति के साथ अन्य विभागों में नियुक्ति की मांग की थी। अब उनके लिए यह रास्ता खुल गया है, जिससे उन्हें सम्मानजनक और सुविधाजनक रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। यह निर्णय न केवल शहीदों के बलिदान को सम्मान देने का कार्य है, बल्कि उनके परिवारों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व का भी प्रमाण है।

### कर्मचारी कहां करें मनोरंजन व सामाजिक कार्यक्रम

# अफसरों के लिए लग्झेरियस क्लब, कर्मियों के जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में वर्षों पूर्व बने इस्पात क्लबों के जर्जर होने से कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें भवनों का मेंटेनेंस नहीं किए जाने से शादी आदि कार्यक्रमों के लिए दिक्कतें हो रही हैं। इस मामले में बीएसपी उदासीन बना हुआ है। बीएसपी टाउनशिप में साठ के दशक में बीएसपी कर्मचारियों के सामाजिक और सांस्कृतिक आदि आयोजनों के लिए इस्पात क्लबों का निर्माण किया गया था। इस तरह के सर्वसुविधायुक्त भवन सेक्टर एक से सेक्टर दस और मड़ौदा तथा रिसाली सेक्टर आदि सभी सेक्टरों में स्थित हैं। इन भवनों का वर्षों से मेंटेनेंस नहीं होने के कारण अधिकतर जर्जर हो चले हैं और बुनियादी सुविधाएं भी बदहाल हैं। इसके चलते बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों की शादी, पार्टी, सांस्कृतिक व खेल आदि गतिविधियों के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्हें विवाह समारोहों के आयोजनों के लिए बाहर मैरिज पैलेस आदि भवनों को अधिक रेंट पर लेने मजबूर होना पड़ रहा है। कई कर्मचारी मैदान में टेंट लगाकर विवाह समारोह करने मजबूर हो रहे हैं। यूनियनों के मुबाबिक खुले मैदान में आयोजन करने से बारिश, आवारा मवेशियों, चोरी आदि की समस्या से जूझना पड़ता है। लंबे समय से यूनियनों के मेंटेनेंस की मांग के बाद भी अधिकतर भवन जर्जर हैं ओर्रीं और सुविधाएं बदहाल हैं। सेक्टर 6 इस्पात क्लब के खिड़की, दरवाजे खराब हो चुके हैं, खिड़कियों के कांच टूट चुके हैं। पंखों की ब्लेड मुड़ चुकी है ओर वायरिंग उखड़ चुकी है। टायलेट भी जाम होते रहते हैं। सेक्टर 4 क्लब भी जर्जर स्थिति में है। यहां बारिश में सीपेज की समस्या बड़ जाती है। अंदर पानी भर जाता है।

### सेक्टर 5 को बनाया था मांडल

गौरतलब हो कि वर्ष 2012 में सेक्टर 5 इस्पात क्लब का संधारण किया गया था। सेल चेयरमेन के यहां कार्यक्रम के लिए इस क्लब की दीवारों में शहर के नामचीन पेंटरों से आकर्षक पेंटिंग करवाने के साथ भवन को सर्वसुविधायुक्त बनाया गया था। प्रबंधन द्वारा सेक्टर 5 क्लब को मांडल मानकर इसी तरह सभी सेक्टरों के इस्पात क्लबों का संधारण किए जाने की घोषणा की गई थी। लेकिन हालिया सेक्टर 7 को छोड़कर अन्य सभी इस्पात क्लब जर्जर व सुविधाएं बदहाल हैं।


सिर्फ सेक्टर 7 इस्पात क्लब का ही हुआ संधारण

### आफिसरों के लिए है स्टील व भिलाई क्लब

एक ओर तो कर्मचारियों के सामाजिक व मनोरंजन की गतिविधियों के लिए बनाए गए इस्पात क्लब जर्जर हो चुके हैं। वहीं दूसरी ओर अधिकारियों के लिए आलीशान क्लब हैं। सेक्टर 8में स्टील क्लब और जयंती स्टेडियम के निकट भिलाई क्लब है। दोनों क्लबों में टेनिस कोर्ट, एलईडी टीवी, कैरम, बार व स्वीमिंग पूल आदि लक्झेरियस सुविधाएं हैं। यहां समय समय पर बड़े सांस्कृतिक आयोजन भी होते हैं।

## 10 साल में न सड़क बनी न नाली हटाई जगह पर अब फिर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अर्जुननगर फोकटपारा में दस साल पहले निगम ने इसलिए लोगों के कब्जे हटाए कि रोड और नाली का विस्तारीकरण करना है। जिन लोगों के पास भूमि के पट्टे थे उन्हे भी बेदखल कर दिया। यहां से 7 लोगों को बेदखल किया गया।

सालों बाद भू माफियाओं की नजर इस खाली जमीन पर पड़ी और उन्होने पहले झोपड़ी बनाया। फिर ईंट से गोदाम बनाकर घेर लिया। निगम कार्रवाई न करें इसके लिए एक छोटा सा मंदिर भी बना लिया। वे लोग जिनके पास भूमि के पट्टे थे वे इधर-उधर भटक रहे हैं और दूसरे लोगों ने यहां कब्जा करना शुरू कर दिया है। ऐसे लोग यहां कब्जे कर रहे हैं जिन लोगों को निगम ने विस्थापित कर मकान तक आबंटित कर दिया था। अर्जुननगर फोकटपारा कैंप वन के इस जगह पर कब्जे की शिकायत वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, जोन 2 आयुक्त के समक्ष डेढ़ दर्जन लोगों ने अपने हस्ताक्षर कर लिखित रूप से प्रस्तुत कर चुके हैं। उसके बाद भी कार्रवाई शून्य है। शिकायतकर्ता राजू साहू, चंदूलाल साहू, देवला बाई, संतोष मंडावी,किशन मंडावी, प्रीति ठाकुर, परगनिया ठाकुर, गोमती ठाकुर, सविता, कमला देवांगन, चिंताराम, वेदराम देखमुख आदि ने कहा है कि नाली व रोड निर्माण विस्तारीकरण के नाम पर वर्ष 2012 में यहां निगम ने हटाया। घासीदास नगर व शिवाजी नगर में विस्थापित किया गया।

## खबर संक्षेप




### नगर पालिका में सफाई को लेकर बैठक संपन्न

**बालोद।** सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ 2025 के तहत नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी एवं सभापति की उपस्थिति ने समस्त सफाई कर्मीयो के साथ बैठक रखी गयी। जिसमे शहर की मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में चर्चा की गई एवं उन्हे नगर को स्वच्छ रखने दिशा निर्देश दिया गया।

### आंगनबाड़ी में बच्चों को बांटी गई मिठाई

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के स्व. पुकेश्वर भारदीय महाविद्यालय निकुम के अध्यक्ष सुरेश साहू ने आंगनबाड़ी के बच्चों को मिठाई बाटा गया। सुरेश कुमार साहू ने कहा हमारे जिला अध्यक्ष माननीय सुरेंद्र कौशिक बहुत ही मिलनसार , व्यवहार कुशल व भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय नेता है, जिसके नेतृत्व में पार्टी के अंतिम बूथ के कार्यकर्ता को पद व पहचान मिल रहा है। साहू ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को छोटे छोटे बच्चों के ऊपर अच्छा ध्यान देने की बात कहीं।

### बुधराम कुंजाम निधन पर दी गई सहयोग राशि



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम पंचायत कसही लो में बुधराम कुंजाम (ओमकार) पिता हलालखोर कुंजाम उम्र 45 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया जो कि बहुत गरीब परिवार से था, उनकी पत्नी सतरूपा बाई कुंजाम को 2000 रुपये की सहयोग राशि ग्राम पंचायत कसही लो की ओर से उपसरपंच नरेंद्र साहू व पंच यशवंत साहू के द्वारा दिया गया, जिसमें दुबे लाल कुंजाम, बिसेलाल मंडावी, हलालखोर कुंजाम आदि उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक डॉ. बालमुकुंद से मुलाकात किया



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक डा. बालमुकुंद देवांगन से मुलाकात किया गया । इस अवसर पर उनके निवास में जाकर पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। बधाई देने वाले राजेश चंद्राकर मंत्री अंडा-निकुम मंडल दुर्ग ग्रामीण, भूपेन्द्र साहू भाजयुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य, हेमेंद्र साहू, योगेश वैष्णवी भाजपा कार्यकर्ता रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक बालमुकुंद देवांगन ने कहा कि भाजपा सरकार का जो भी योजना आयेगा उसको जनता तक पहुंचा कर लाभ दिलायेंगे।

### सट्टापट्टी लिखते पकड़ा गया निगरानी बदमाश



**दल्लीराजहरा।** पुलिस ने फुटबॉल ग्राउंड जिम मैदान के पास सट्टा पट्टी लिखते एक निगरानी बदमाश को रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के कब्जे से लाखों रुपये की सट्टा पर्ची,15 जार रुपए नकद और एक डॉट पेन बरामद किया गया। अवैध जुआ, सट्टा और शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। इस अभियान का संचालन दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग के निर्देश पर बालोद पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। मुखबिर से सूचना मिलने पर दल्लीराजहरा थाना प्रभारी निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय ने टीम के साथ मौके पर दबिश दी।

---

**आयोजन : कर्मचारी व परिजनों ने कराई स्वास्थ्य जांच**

# पुलिसकर्मी शारीरिक और मानसिक रूप से रहें फिट : आईजी रामगोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा






■ फिट पुलिस, सुरक्षित समाज में जिला पुलिस ने लगाया स्वास्थ्य

पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए 2 जुलाई को टाउन हॉल में मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में जिला पुलिस, सशस्त्र बलों के अधिकारी-कर्मचारी, सेवानिवृत्त सदस्य और उनके परिजनों ने स्वास्थ्य परीक्षण की विभिन्न सुविधाओं का लाभ लिया।

कार्यक्रम का अवलोकन दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने किया। उन्होंने मौजूद पुलिसकर्मियों को नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित करते हुए शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ पुलिसकर्मी ही अपने कर्तव्यों का बेहतर निर्वहन कर सकता है।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, सीएसपी डॉ. चित्रा वर्मा, डीएसपी राजेश बागड़े, डीएसपी बोनीफास एक्का, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा सहित अनेक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

### डाक्टर व मेडिकल स्टाफ का माना आभार

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने भी अधिकारी-कर्मचारियों को तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने, नशे से दूर रहने और संतुलित आहार के महत्व को समझाया। उन्होंने शिविर में सहयोग कर रहे डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टाफ को प्रतीक चिन्ह भेंट कर आभार प्रकट किया। स्वास्थ्य शिविर में बीएमओ कार्यालय बालोद और उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल रायपुर से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने जनरल हेल्थ चेकअप, नेत्र परीक्षण, शिशु रोग, पेट विकार आदि की जांच की। साथ ही, मरीजों को दवाएं, डाइट प्लान और हेल्दी दिनचर्या के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया।

---

# निकाय कर्मचारियों की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे 5 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ जिलेभर के निकाय कर्मचारी होंगे शामिल

राज्य के नगरीय निकाय कर्मचारियों में लगातार उपेक्षा और असमानता को लेकर असंतोष गहराता जा रहा है। इन्हीं मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ नवयुक्त अधिकारी/कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर पालिका कर्मचारी संघ दल्ली राजहरा ने राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास घेराव का ऐलान किया है। यह आंदोलन 5 जुलाई को आयोजित होगा। जिसमें जिले भर के नगर पालिका कर्मचारी शामिल होंगे। नगर पालिका कर्मचारी संघ ने चेताया है कि यदि उनकी मांगों को अनदेखा किया गया, तो राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन तेज़ किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस संबंध में कर्मचारियों ने नगर पालिका दल्ली राजहरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर को ज्ञापन सौंपा तथा आंदोलन के लिए मुख्यालय छोड़ने की अनुमति प्राप्त की। आंदोलन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष गोविंद साहू कर रहे हैं। कर्मचारियों मांगों में प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। अन्य विभागों की तरह पुरानी पेंशन योजना को नगरीय निकायों में भी बहाल किया जाए। नियमानुसार पदोन्नति की पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था लागू की जाए।

---

**तंबाकू मुक्त अभियान**

## नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक और भाषणों का आयोजन किया




**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत तम्बाकू मुक्त पीढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत नशा से होने वाले नुकसान को बताया गया। इस अवसर पर मयंक, साक्षी, स्नेहा, मोहित, अभिषेक, छवि, तारिणी, प्रियल, याचना ने अपने विचार भाषणों तथा गीत कविता के माध्यम से रखे। व्याख्याता रेशमी साहू और प्राचार्य आरके देवांगन ने नशा से होने वाले शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक नुकसान के बारे में बताया। यूथ एंड इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक, हेपशिबा एंथोनी और रीना बोरकर, कुमकुम, कुसुम, अंजलि, नीलकमल, डामेन्द्र एवं साथियों के माध्यम से एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम प्रभारी भागवत साहू ने आभार प्रदर्शन किया तथा अजय पाठक ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## प्राचार्य पद पर पदोन्नति का रास्ता साफ, शिक्षकों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सुनाया फैसला

विगत पन्द्रह वर्षो से प्राचार्य पद पर पदोन्नति के लिए प्रतिक्षारत शिक्षकों में तब खुशियों की लहर दौड़ गई जब उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के दो सदस्यीय खंडपीठ ने पदोन्नति की समस्त बाधाओं को समाप्त कर मार्ग प्रशस्त कर फैसला सुनाया ।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रातीय संयोजक विधि प्रकोष्ठ एवं संभागीय अध्यक्ष भुवन सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ विभागीय अधिकारियों से एवं मुख्यमंत्री से लगातार संवाद कर बाधाओं को शीघ्र दूर करने समुचित कार्रवाई करने का आग्रह करता रहा है । फलस्वरूप शासन की ओर से उपमहाधिवक्ता यशवंत ठाकुर जी एवं इंटरवीनर की ओर से अधिवक्ता गण बड़ी मजबूती से शिक्षकों का पक्ष रखे । लंबी सुनवाई के बाद खंडपीठ के माननीय न्यायाधीश द्वय श्रीमती रजनी दुबे और अमितेंद्र प्रसाद ने सभी पक्षों की दलील और कानूनी पक्ष का विचारोपरांत बहुप्रतीक्षित प्राचार्य पदोन्नति के मामले में शासन के पक्ष में फैसला सुनाया।

छत्तीसगढ़ शिक्षक के संभागीय अध्यक्ष भुवन सिन्हा, संगठन मंत्री वाय के दिल्लीवार, महामंत्री आर के दुबे बालोद जिला अध्यक्ष व्ही के देशमुख, दुर्ग जिला अध्यक्ष प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती अनिता सिंग , पूर्व उपप्रांताध्यक्ष हरी शर्मा एवं संभाग के सभी जिलाध्यक्षों ने फैसले पर हर्ष व्यक्त किया है।

## वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान ग्राम जगन्नाथपूर सांकरा से हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला अग्रणी बैंक के नेतृत्व में वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा समस्त ग्राम पंचायतों में 1 जुलाई से 30 सितंबर कुल 3 माह तक वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत जगन्नाथपूर सांकरा से किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, जनपद पंचायत सदस्य दमयंती हरदेल, भगवती उइके, ग्राम सरपंच देवकुंवर कोसमा सहित अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी बालोद डीएल. गंगेश्वर, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक से प्रबंधक कोसमा के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित थे। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, एसबी खातों का पुनः केवाईसी, डिजिटल धोखाधड़ी रोकथाम एवं दावा न किए गए जमा पर जागरुकता आदि योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी वंचित लोगों को जिन्होंने इन योजनाओं का लाभ नहीं लिया है उन्हें इन योजनाओ का लाभ प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि यह शिविर अगले तीन माह तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों मे किया जाएगा। इसके साथ ही शिविर मे पीआरपी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सुनीता खूँटे के द्वारा समस्त ग्रामवासियों को वित्तीय साक्षरता का महत्व बताया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता मोहम्मद वकार कुरैशी द्वारा किया गया।

## युक्तियुक्तकरण से संबलपुर स्कूल को मिले दो शिक्षक




**बालोद।** जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में शिक्षकों की कमी की समस्या दूर हुई है। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के ठीक पहले शिक्षकों की कमी की समस्या से जूझ रहे पीएमश्री शाला संबलपुर में युक्तियुक्तकरण के तहत 2 शिक्षकों की नियुक्ति होने से वर्तमान में विद्यालय में अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत पीएमश्री शाला संबलपुर में 2 शिक्षकों की पदस्थापना होने पर साहित्यकार एवं शिक्षाविद् बिरेन्द्र निरोटी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष गंगाराम निषाद ने राज्य शासन की युक्तियुक्तकरण की इस व्यवस्था की भूरी–भूरी सराहना की है। शिक्षाविद् बिरेन्द्र निरोटी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष गंगाराम निषाद ने बताया कि हम ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा लंबे समय से शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पीएमश्री शाला संबलपुर में बच्चों की दर्ज संख्या 150 से भी अधिक है। लेकिन युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के पहले तक विद्यालय में प्रधानपाठक सहित केवल 3 शिक्षक पदस्थ थे। लेकिन राज्य शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत पीएमश्री शाला संबलपुर में 002 और शिक्षकों की पदस्थापना की है। जिसके फलस्वरूप शाला में अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था बेहतर तरीके एवं सुचारू रूप से संचालन हो रही है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में पीएमश्री शाला संबलपुर में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत बंसती टिकेश्वर एवं राबिन नागवंशी सहित 2 शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि इस तरह से शाला में अब प्रधानपाठक वीणा ठाकुर सहित अनिल दिल्लीवार, राबिन नागवंशी, बसंती पिकेश्वर एवं सुनीता सहित कुल 5 शिक्षक पदस्थ होने से विद्यालय में बेहतर तरीके से अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है। बहुप्रतीक्षित मांग एवं इंतजार के फलस्वरूप पीएमश्री शाला संलबपुर में बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात पर शिक्षकों की पदस्थापना की सौगात मिलने पर विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों एवं उनके पालकों के साथ–साथ शिक्षा जगत से जुड़े लोगों के साथ–साथ ग्रामीण एवं शिक्षक भी बहुत ही प्रसन्नचित होकर शासन की इस व्यवस्था की सराहना कर रहे हैं।

## लंबित अपराध और शिकायतों का जल्द से जल्द करें निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ दल्लीराजहरा, लोहारा थाने का आईजी ने किया निरीक्षण



दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने अपने शहर प्रवास के दौरान दल्लीराजहरा और लोहारा थाने का आकस्मिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक संचालन एवं अपराध नियंत्रण की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान बंदीगृह, महिला डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचना कक्ष, मालखाना एवं जब्त वाहनों की स्थिति का गहन जायजा लिया गया।

आईजीपी गर्ग ने कहा कि पुलिस कस्टडी में सुरक्षा सर्वोपरि रहे, हथकड़ी लगाने की विधि का सटीक पालन किया जाए, इसके लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाए। लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान, एवं शिकायतों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। अवैध गतिविधियों जैसे शराब, जुआ, सट्टा, गांजा एवं नशीली दवाओं पर कठोर कार्रवाई की जाए।

कम्युनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा, बीट अधिकारियों को अपने क्षेत्र की पूर्ण जानकारी रखनी अनिवार्य। नशामुक्ति जागरूकता, व्हाट्सएप व सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान को गति देने के निर्देश। आईजीपी ने कहा, "नए कानूनों के तहत न्याय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी और पुलिसिंग में तकनीकी दक्षता बढ़ेगी। अभियोग पत्र निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत किया जाए।"

सीसीटीएनएस के ऑपरेटरों के कार्यों की भी समीक्षा की गई, दक्ष प्रदर्शन पर नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। साइबर अपराध एवं ऑनलाइन फ्रॉड से जुड़ी जागरुकता के लिए स्कूल, कॉलेज, ग्राम और हाट-बाजारों में अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। थाना स्टाफ को डेली ड्यूटी सुधारने, बीट में सक्रियता बढ़ाने, पेट्रोलिंग और सूचना तंत्र को मजबूत करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। 'ऑपरेशन तलाश' के तहत गुमशुदा व्यक्तियों की शीघ्र दस्तयाबी के लिए विशेष अभियान चलाने के आदेश दिए गए।

### ये रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, अति. पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, सीएसपी डॉ. चित्रा वर्मा, थाना प्रभारी रविशंकर पांडे एवं मुकेश सिंह समेत पुलिस बल और आईजीपी कार्यालय के अधिकारी मौजूद रहे।

**1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक चलाया जा रहा अभियान**

# विशेष मध्यस्थता अभियान मध्यस्थता राष्ट्र के लिए का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा के संयुक्त तत्वावधान में मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति एमसीपीसी के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा विशेष मध्यस्थता अभियान ''मध्यस्थता राष्ट्र के लिए'' के तहत 1 जुलाई से शुभारंभ किया गया। अभियान 7 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोदएस.एल. नवरत्न के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में 1 जुलाई को जिला अधिवक्ता संघ बालोद के सभाकक्ष में 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए'' अभियान के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि मध्यस्थता अदालती कार्यवाही की तुलना में विवादों को जल्दी सुलझाने में मदद मिलती है। मध्यस्थता पक्षों को एक दूसरे के साथ बातचीत करके एक दूसरे की आवश्यकताओं को समझने एवं सामाधान पर पहुंचने में मदद होती है, जो दोनो पक्षों को लिये संतोषजनक होता है।

मध्यस्थता एक प्रभावी, कुशल और फायदेमंद प्रक्रिया है जो दोनो पक्षों को अपने विवादों में सुलझाने और बेहतर संबंध बनाने में मदद मिलती है। **ये रहे उपस्थितः** उक्त कार्यशाला में न्यायिक अधिकारीगण प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद किरण कुमार जांगड़े, मध्यस्थता प्रभारी, जिला एवं अति. सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) बालोद कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, जिला एवं अति. सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) बालोद ताजुद्दीन आसिफ, द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद श्वेता उपाध्याय गौर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोद संजय सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भारती कुलदीप, व्यवहार न्यायाधीशगण हीरा सिन्हा, सागर चंद्राकर के अलावा जिला अधिवक्ता बालोद के अध्यक्ष अजय साहू एवं अधिवक्तागण तथा इंटर्नशीप विधि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
TEAM CREATIVE
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम–दानीटोला, पोस्ट–भैसबोड़
तहसील–डौंडी, जिला–बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

**खबर संक्षेप**



## विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन 20 जुलाई को

**अर्जुंदा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश ग्रामीण अंचल का विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन 20 जुलाई रविवार को होगा। आयोजन समिति के पंकज चौधरी और वामन साहू ने बताया कि आचार्य पंडित युवराज पांडे सहित महिलाएं, पुरुष हजारों की संख्या में शिव भक्त कावड़ यात्रा में शामिल होंगे। कावड़ यात्र तीन रास्तों से होकर कमरौद पहुंचेगी। ग्राम मटिया अर्जुंदा टिकरी होते हुए कमरौद खुटेरी से कोडेवा, धनगांव, चौरेल से कुरदी, कमरौद और मटिया टीकरी, परसतराई, परना, डूंडेरा, कुरदी, कोंगनी से कमरौद तक बोल बम के जयकारे के गूंज के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर महामृत्युंजय जाप और महाभोग संगीत महाउत्सव होगा। कावड़ यात्र आयोजन समिति के पंकज चौधरी, वामन साहू ने बताया कि यह यात्र लगभग 17 किलोमीटर का होगा। इस दौरान भगवान भोलेनाथ के भजन के साथ आचार्य पंडित युवराज पांडे की यात्र और शिव भगवान पर आधारित चलित झाकियां व आकर्षक डीजे ढोलतासा से आकर्षण का केंद्र रहेगा, इसके साथ ही कावड़ यात्रियों पर गांव-गांव में फूलों का वर्षा की जाएगी। कावड़ यात्र में सुप्रसिद्ध भजन का भी आयोजन किया जाएगा।

## शासकीय महाविद्यालय प्रवेश द्वितीय चरण शुरू 7 जुलाई अंतिम तिथि

**गुरूर।** स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षा बीए, बीएससी, बीकॉम, डीसीए में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की तिथि 7 जुलाई निर्धारित की गई है। महाविद्यालय के सूचना पटल और वेबसाईट पर मेरिट सूची प्रदर्शित की गई है। सूची में उल्लेखित छात्र आवश्यक दस्तावेज के साथ प्रवेश प्रभारी से संपर्क कर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं।

## हाई स्कूल जगतरा में छात्र संघ का गठन किया गया



**गुरूर।** शासकीय हाई स्कूल जगतरा मे छात्र संघ का गठन किया गया। शाला के सभी विद्यार्थीओं ने मताधिकार का उपयोग करते हुए पदाधिकारियो का चुनाव किया। कक्षा 10वीं के धनराज मरकाम सबसे अधिक मत प्राप्त कर शाला नायक के पद पर निर्वाचित हुआ। उप शाला नायक प्रतिभा मंडावी, क्रीड़ा प्रभारी प्रवीण यादव, सांस्कृतिक प्रभारी संजना सोरी, बागवानी एवं पेयजल पियुशा एवं विनीत साहू, स्वच्छता एवं अनुशासन प्रभारी कुणाल कुंजाम एवं आंकाक्षा धुरव निर्वाचित हुई। कक्षा नायक मे 10वी के लिए यास्मीन टंडन एवं ईशांत देवदास, कक्षा 9वीं से चिराग एवं स्वाती नागवंशी मनोनित किये गए। संस्था प्राचार्य जेएस ने उन्हे पद्भार ग्रहण की शपथ दिलाई। उक्त कार्यक्रम मे संस्था के व्याख्यातागण एसडी उईके, आरके सिन्हा एवं आरके धुव उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : भिलाई (चीचा) में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का किया गया आयोजन

# शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का तिलक कर व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



विकासखंड गुण्डरदेही अंतर्गत ग्राम भिलाई (चीचा) में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर थी, अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ने की। इस दौरान शाला परिसर मे एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, मीना उमाशंकर साहू, सरपंच परस निषाद, पूर्व जनपद सदस्य ओमकार सिन्हाजीवन साहू, काशी साहू, जनपद सभापति धारा चौधरी, जनपद सदस्य नेम चुम्मन साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन यादव, प्राचार्य केलता वेणुगोपाल, कामता साहू सावित्री शर्मा, हेमशेखर साहू, राजेश साहू आदि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी व शिक्षक शिक्षिकाओं ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। अतिथियों द्वारा सभी नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर अभिनंदन किया। इस दौरान अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य सामग्री का भी वितरण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की बात कही तथा व्यायाम खेल कूद में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने प्रेरित किया। तारणी ने कहा स्कूल जीवन उज्जवल सफल जीवन निर्माण की आधारशीला है। बच्चें इस स्वर्णिम अवसर को पूरी तरह से सदुपयोग करते हुए अपने लक्ष्य तय करे। शिक्षक यह सुनिश्चित करे कि बच्चों को आज के परिवेश के अनुरूप संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो। बच्चों के समक्ष जब स्थिति स्पष्ट होती है तब बच्चों को अपने लक्ष्य तय करने मे आसानी होती है। प्रवेश उत्सव बच्चों को भयमुक्त, आनंद दायक, स्वच्छ, सुंदर वातावरण प्रदान करने का प्रारंभिक कार्य है। इसी प्रकार खेरथा बाजार में भी शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जहां जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर के साथ जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के अध्यक्ष कांति सोनबरसा, जिला पंचायत सदस्य प्रभा नायक, भाजपा आईटी सेल जिला संयोजक हरीश कतझरे, रामलाल नायक, प्रकाश सोनबरसा, देवेंद्र जोशी, हीना साहू सहित अन्य अतिथिगण, शिक्षकगण व स्कूली बच्चें उपस्थित थे।

### नौ हजार से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य

## एक पेड़ मां के नाम मुहिम को मिल रहा ग्रामीणों का सहयोग



**गुरूर।** जनपद प्रशासन द्वारा जनपद क्षेत्र मे 9000 पौधा रोपण करने का लक्ष्य रखा है। पंचायतो एवं स्वयं सेवी संस्थाओ ने स्वेच्छा से अपने लिए लक्ष्य तय किये है। जनपद प्रशासन द्वारा पूर्व वर्ष मे पंचायत क्षेत्र मे लगाए गए पौधो की परिस्थिति को देखते हुए पौधारोपण के लिए पंचायतो एवं स्वयं सेवी संस्थाओ को स्व विवेक से स्वतः पौधारोपण कर उसे सुरक्षित रखने के लिए स्वतः लक्ष्य तय करने कहा था।

प्रारंभिक चरण मे यह लक्ष्य 7500 था, जो अब 9000 से अधिक हो गया है। पंचायतो को कहा गया है कि वे उतने ही पौधे लगाए जिसे वे सुरक्षित व संरक्षित कर सके। पंचायतो को कहा गया है कि लगाए गए पौधो की सुरक्षा का दायित्व ग्राम के ग्रामीणों को दे एवं वे ग्रामीण उस पौधे को अपनी मां या अन्य प्रियजन के नाम से संरक्षित कर उसकी सुरक्षा का दायित्व ले। ग्रामीणों को यह भी कहा जा रहा है कि वे जितने पौधो का दायित्व ले रहे है। उन पर वे अपना या अपने प्रियजनो को नाम की तख्ती लगा सकते है। जनपद पंचायत की इस पहल का ग्रामीणों ने स्वागत किया है।

ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से पौधारोपण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। अब तक ग्राम पंचायत बालोदगहन, चिटौद, कुम्हारखान, बोरिदकला, अर्जुनी, सोरर, हसदा व 2000 से अधिक पौधारोपण किया जा चुका है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरूर उमेश रात्रे ने कहा पंचायत व स्वयं सेवी संस्थाएं स्वतः से अपने ग्राम क्षेत्र के लिए पौधारोपण के लक्ष्य तय कर रही है। पौधो का संरक्षण ग्रामीणों के सहयोग से किया जाएगा।

## बच्चों का मुंह मीठा कराकर मनाया प्रवेश उत्सव



**गुण्डरदेही।** नगर के बघमरा प्राथमिक शाला प्रांगण मे बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जहां नगर के पार्षद व प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरीश निषाद ने सभी नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। वही शासन की ओर से मिलने वाली स्कुली गणवेश व पुस्तक भी वितरण किया गया। इस दौरान पार्षद हरीश निषाद ने सभी बच्चों को अच्छे शिक्षा ग्रहण करने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर पुर्व माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कालिंदा निषाद, पार्षद पोषण निषाद, बल्लाराम निषाद, मेघनाथ निषाद व अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## डढ़ारी में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया

**गुरूर।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत डढ़ारी में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सरपंच ओमप्रकाश साहू, छतर सिंह, भेदन लाल गुरुपंच, लोकनाथ, रेशमा साहू, सत्यवती, लेमिन, रोहणी, भूषण, कुमारी, सुशीला, दुलेश्वरी, पूर्णिमा, सरोज, योगेश्वरी, चंद्रहास पंच समेत ग्रामीण उपस्थित थे।





## एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण गया

गुरूर। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत बासीन में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सरपंच छगन लाल, उपसरपंच लखन लाल, सचिव पुरनलाल, अभिषेक कुमार, शिव लाल, एवत कुमार, शत्रुघ्न, बरातूराम, गीतेश्वर, मदन, भुनेश्वर, श्री राम, भुवन, एवन पंच समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में हेलमेट और ट्रैफिक नियमों के पालन का संदेश दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भक्त माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय बालोद में प्रभारी प्राचार्य कलेन्द्री रावटे के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने सभी कर्मचारी, अधिकारियों एवं छात्रओं को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किए तथा यातायात नियमों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए तत्पश्चात कार्यक्रम के संयोजक प्रो. धीवराज कुमार भोयर ने दुपहिया वाहन संतुलित वेग में चलाने, हेलमेट पहनने और वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किए। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाने के लिए महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया गया। क्लब में दस छात्रओं को सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए प्रो. संतोष कुमार राना ने सभी छात्रओं को महाविद्यालय के कार्यक्रम और गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किए। कार्यक्रम में प्रो. तरूण कुमार, डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. दीपाली, सोमन लाल, रूपेन्द्र ठाकुर, यशवंत कुमार देशमुख, धरमूराम राउत, राजेश कलिहारी एवं समस्त छात्रएं उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियानः गुण्डरदेही में 18 जुलाई को होगा वृहद पौधारोपण

**बालोद।** अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने जनपद पंचायत गुण्डरदेही में 18 जुलाई को प्रस्तावित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सघन पौधारोपण के संबंध में बैठक ली। बैठक में कौशिक ने सभी विभागीय अधिकारियों को सघन पौधारोपण अभियान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बालोद जिले में 18 जुलाई को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत एक साथ सघन पौधारोपण किया जाएगा।

जिसके अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड में 61 हजार पौधरोपण किया जाएगा, जिसके लिए 05 केंद्र बनाए गए है। बैठक में सघन पौधारोपण हेतु पौधों की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की। उन्होंने पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा पौधरोपण हेतु गड्ढा खोदकर रखने के निर्देश दिए। बैठक में कौशिक ने बताया की गुण्डरदेही विकासखण्ड में 61 हजार वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति भी की गई है। इस सघन पौधारोपण कार्यक्रम में फलदार, छायादार एवं औषधि प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा। जिसके लिए बाउंड्रीवाल एवं सुरक्षित जगहों पर पौधारोपण करने नगर पंचायत गुंडरदेही को भी निर्देश दिया गया है। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत समस्त शासकीय विभाग, गैर सरकारी संगठन, पंचायत संस्थानों, सभी स्कूल-कॉलेजो, आंगनबाड़ी केंद्रों, पुलिस चौकी, विभिन्न औद्योगिक संस्थानों की सहित शासकीय एवं अशासकीय के रिक्त भूमि पर स्कूली छात्र-छात्रओं, आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से वृहद पौधारोपण किया जाएगा।

## स्वच्छता अभियान का शुभारंभ, नगर पंचायत अध्यक्ष ने रथ को दिखाई हरी झंडी

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर मे एक माह तक चलने वाले स्वच्छता अभियान के तहत अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर प्रदीप साहू ने रथ को हरि झंण्डी दिखकर रवाना किया। इस दौरान अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू के साथ पार्षद राकेश दीवान, गिरधर ठाकुर, बिन्द्रा यादव, तृप्ति यादव, महिमा साहू, जितेश्वरी निषाद, मधु जगदल्ले उपस्थित थे।



## कामतूराम को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय बालोद के रामदेव चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक में पदस्थ उप प्रबंधक कामतूराम ठाकुर के 60 वर्ष की आयु पुरा करने के उपरांत सेवानिवृत्त होने पर उन्हें बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा विदाई दी गई।

इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने ठाकुर के मधुर व्यवहार के अलावा उनके बेहतर कार्य की सराहना करते हुए सेवानिवृत्त होने पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी है। बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके कार्यों एवं व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि कामतू ठाकुर एक संवेदनशील एवं बेहतरीन इंसान होने के साथ एक दक्ष, कार्य के प्रति समर्पित, समय के पाबंद एवं बहुत ही कुशल अधिकारी रहे हैं।

विदाई समारोह के अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, बालोद जिले के जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर, हल्बा समाज के जिला अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं कामतू राम ठाकुर की धर्मपत्नी और उसके परिजन उपस्थित थे।

## ग्राम पटेल संघ की बैठक आज

**डौंडीलोहारा।** ग्राम पटेल संघ तह डौंडी लोहरा एवं देवरीबांगला की बैठक संयुक्त रूप से स्थानीय मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में दिनांक 4 जुलाई दिन शुक्रवार को रखा गया, जिसमे मानदेय राशि सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया जायेगा। कार्यकारणी सदस्य इंद्रकुमार भंडारी ग्राम पटेल धनगांव ने सभी पटेल साथियों को बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करने की मांग की गई

## ओरमा में सरपंच मंजूलता ने विकास के लिए ली संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू ग्राम मे सर्वांगीण विकास के लिए लगातार नवाचार कर रही है। उन्होने ग्राम विकास समिति एवं नागरिकों से ग्राम विकास के लिए संयुक्त बैठक रखकर सुझाव मांगा।

ग्राम विकास एवं पूर्व सरपंच व पंचों ने ग्राम के विकास एवं ग्राम को सवारने अपने सुझाव रखे। ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू उपस्थित ग्राम पंचायत ओरमा एवं मेडकी में विकास कार्य संबंधी सुझाव लेने हेतु सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत के सभाकक्ष में ग्राम विकास समिति एवं वरिष्ठ नागरिकों के संयुक्त बैठक रखा गया। जिसमे उपस्थित नागरिक के द्वारा विकास कार्य के लिए सुझाव दिया गया। जिसमें गांव में मुख्य रूप से समय पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने, वह पंचायत मुख्यालय में बड़ा सामुदायिक भवन, सड़क नाली के अलावा सार्वजनिक शौचालय एवं बेहद रूप से पौधारोपण करने की सलाह दी गई है, जिसमें ग्रामीणों ने सरपंच की संयुक्त बैठक को सराहनीय बताते हुए लोगों ने सरपंच की तारीफ भी की। ग्रामीणों ने कहा कि पहली बार ग्राम पंचायत की महिला सरपंच ने दोनों गांव के संयुक्त रुप से प्रमुख लोगों को एवं नागरिकों को एक जगह बैठ कर सुझाव ले रहे हैं। गांव की वरिष्ठ नागरिक एवं पूर्व जनपद सदस्य प्यारेलाल केसरिया ने कहा आप काम अच्छा कर रहे हैं, आपने भीषण गर्मी में पेयजल व्यवस्था पर्याप्त मात्र उपलब्ध कराया इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। पूर्व सरपंच बंधु लाल यादव ने कहा पुरानी बस्ती में तालाब पार में एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जाए, ताकि गांव में सार्वजनिक कार्यक्रम एवं शादी विवाह व सामाजिक कार्यक्रम स्वच्छता बना रहे और लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो सके।

बैठक में सरपंच मंजूलता परस साहू, उप सरपंच रामचंद्र यादव एवं बड़ी संख्या में ग्राम प्रमुख पूर्व जनपद सदस्य प्यारेलाल केसरिया, बंधु लाल यादव, पूर्व जनपद सदस्य अजीत साहू, लीलाधर साहू, दिलीप साहू, गोरेलाल साहू, धनराज साहू, टहल साहू, भेष कुमार साहू, अमोल साहू, उत्तम हिरवानी, हीरालाल साहू, कमलेश साहू, नरेंद्र कुमार सोनकर, मिलन साहू, लखन यादव, रामलाल निषाद, प्रीतम, निषाद, सुदमा साहू, डोमार कुंभकार, शिव भजन यादव, संतोष साहू, सगुना साहू, फगनी निषाद, चंचल साहू, रोशनी साहू, बंधु लाल यादव, भुवन लाल भारद्वाज, धन्नु लाल सोनकर, रामलाल साहू, रामचंद यादव, अलख राम, परमेश्वर दास, कमलेश साहू संयुक्त बैठक में ग्रामीण उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करेः-7354-411411